अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ में डी० ई० टी० और एस० डी० ओ० कार्यालयों का खोला जाना

3971. श्री हरीश रावत : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ जिलों (उ० प्र०) में टेलीफोन और टेलीग्राफ सेवाओं के उपभोक्ताओं को अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ में क्रमशः डी० ई० टी० और एस० डी० ओ० के कार्यालय न होने से हो रही असुविधाओं को बार-बार उनके ध्यान में लाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या उनका मंत्रालय अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ के दो बड़े जिलों में लोगों की सेवा के लिए क्रमशः डी० ई० टी० और एस० डी० ओ० के कार्यालय खोलने हेतु मानदण्डों में ढील देने पर विचार करेगा ; और

(ग) यदि नहीं, तो मंत्रालय के पास इस क्षेत्र में उपभोक्ताओं की कठिनाइयों को दूर करने का क्या प्रस्ताव है ?

संचार मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री योगेन्द्र मकवाना) : (क) जी हां । इन कठिनाइयों के बारे में जानकारी मिली है ।

(ख) फिलहाल, इस प्रकार का कोई प्रस्ताव नहीं है ।

(ग) अल्मोड़ा तथा पिथौरागढ़ जिलों की टेलीफोन प्रणाली सामान्य तौर पर सन्तोषजनक है । अपेक्षित स्तर के कर्मचारी इन प्रणालियों की देख-रेख तथा इन इलाकों के उपभोक्ताओं की सहायता के लिये उपलब्ध हैं ।

पिथौरागढ़ में वर्तमान टेलीफोन केन्द्रों में उनकी क्षमता बढ़ाने हेतु नवीनतम उपकरण लगाने का प्रस्ताव

3772. श्री हरीश रावत : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पिथौरागढ़, भिकियासेन, चौखुटिया और बागेश्वर (अल्मोड़ा) में विद्यमान टेलीफोन केन्द्रों में, उनकी क्षमता बढ़ाने के लिए नवीनतम उपकरण लगाने का मन्त्रालय का विचार है ,

(ख) यदि हां, तो उनकी क्षमता कब तक बढ़ाये जाने की सम्भावना है ;

(ग) क्या इन केन्द्रों को दोहरी सीधी लाइन द्वारा अल्मोड़ा, नैनीताल और रानीखेत के साथ जोड़ने का भी कोई प्रस्ताव है ; और

(घ) यदि हां, तो यह कार्य कब तक पूरा हो जाने की सम्भावना है ?

संचार मन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र मकवाना) : (क) और (ख) पिथौरागढ़ को 250 लाइनों की क्षमता वाला एक मैनुअल एक्सचेंज सेवा प्रदान कर रहा है। पिथौरागढ़ में एक 400 लाइनों के आयातित डिब्बायुक्त किस्म का स्वचल एक्सचेंज प्रदान करने का प्रस्ताव है। यदि इसकी मंजूरी मिल गई तो चालू योजना (1980-85) के अन्त तक स्वचल एक्सचेंज के संस्थापित किए जाने की संभावना है। अन्य स्थानों जैसे भिकियासेण, चौखुटिया, बागेश्वर में अभी नये कनेक्शन प्रदान करने की क्षमता है। अत: फिलहाल इन एक्सचेंजों के विस्तार का कोई प्रस्ताव नहीं है।